प्रेषिका,

रेनू मिश्रा,
विशेष न्यायाधीश पाक्सो ऐक्ट/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
चित्रकूट।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा— माननीय जनपद न्यायाधीश,
चित्रकूट।

विषय— **स्थानान्तरण हेतु प्रत्यावेदन।**

माननीय महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत सादर निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के विज्ञप्ति सं0—557/एडमिन. (सर्विसेज)/2024 दिनांकित 13 अप्रैल 2024 के अनुपालन में प्रार्थिनी दिनांक 17.04.2024 से न्यायिक अधिष्ठान, चित्रकूट में विशेष न्यायाधीश पाक्सो ऐक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चित्रकूट के रूप में पदभार ग्रहण कर कार्यरत है।

प्रार्थिनी के परिवार में पति श्री रजनीश कुमार पाण्डेय, दो पुत्र श्रीश पाण्डेय उम्र 12 वर्ष व श्रुत पाण्डेय उम्र 8 वर्ष है। प्रार्थिनी के पति वर्तमान में जनपद अलीगढ़ में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के रूप में पदस्थ हैं। प्रार्थिनी के पुत्र क्रमशः कक्षा 7 व कक्षा 4 में अध्ययनरत है। प्रार्थिनी अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन के साथ—साथ अपने परिवार की देखरेख भी अकेले ही कर रही है, जबकि इस आयु में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए माता व पिता दोनों का संरक्षण व देखरेख अति आवश्यक है, जिसके अभाव में प्रार्थिनी के बच्चों के पालन—पोषण की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा प्रार्थिनी को अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन तथा पारिवारिक दायित्वों के बीच सामंजस्य स्थापित करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यदि प्रार्थिनी का स्थानान्तरण जनपद अलीगढ़ में हो जाता है, तो प्रार्थिनी को अपने न्यायिक कार्य के साथ—साथ पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में अत्यन्त सुविधा हो जायेगी।

अतः माननीय महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि प्रार्थिनी के पारिवारिक परिस्थितियों एवं संलग्न प्रपत्रों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थिनी का स्थानान्तरण जनपद मुख्यालय अलीगढ़ करने की कृपा करें।

सादर।

भवदीया

Renu Mishra 23.4.24

दिनांक—23.04.2024

(रेनू मिश्रा)
विशेष न्यायाधीश पाक्सो ऐक्ट/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
चित्रकूट।

संलग्नक—
जनपद अलीगढ़ के प्रार्थिनी के पति
श्री रजनीश कुमार पाण्डेय के कार्यभार
प्रमाण पत्र की छायाप्रति।